# मध्यप्रदेश-उडीसा की तर्ज पर प्रदेश में गौ-अभ्यारण्य स्थापित करेगी भजनलाल सरकार : जोराराम कुमावत

## पशुपालन, गौपालन व डेयरी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं की समीक्षा की

**जयपुर** (कासं)। पशुपालन, गौपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी पात्र गौशालाओं को समय पर अनुदान मिलना चाहिए, इसके लिए गौशाला समितियों की बैठक समय पर करवाएं। उन्होंने मध्य प्रदेश और उडीसा की तरह राजस्थान में भी गौ-अभ्यारण्य की स्थापना पर बल दिया, जिससे गायों को आश्रय की सुविधा मिल सके।

मंत्री जोराराम कुमावत मंगलवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने अफसरों को वित्त वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गाय के गोबर और गौमूत्र के प्रसंस्करण और उससे बनने वाले उत्पादों के लिए योजना बनाई जाए, ताकि किसान व पशुपालक आर्थिक रूप से और मजबूत बने। उन्होंने गोशालाओं में ए.आई. के उपयोग पर भी बल दिया।

मंत्री जोराराम ने कहा कि बजट घोषणा के तहत पशुधन विकास कोष, सेक्स सोर्टेड



**पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय मुद्दों पर चर्चा की।**

सीमन और ब्रीडिंग कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के विशेष प्रचार प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी से ही हमारी इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंच पाएगा। उन्होंने इसे हाइब्रिड मोड पर भी चलाने के निर्देश दिए जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने प्रत्येक मोबाइल वेटरिनरी यूनिट में एक आगंतुक पंजिका रखने के निर्देश दिए जिससे लाभार्थी अपने सुझाव और शिकायतें उसमें दर्ज कर सकें और इस सेवा को और

- **मोबाइल वेटरिनरी यूनिट का प्रदेशभर में विशेष प्रचार-प्रसार के निर्देश**

बेहतर करने में विभाग को मदद मिल सके। कुमावत ने विभागीय पदोन्नित के लिए निदेशक सहित सभी पदों की डीपीसी जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए साथ ही रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने भवन रहित संस्थाओं के लिए भवन निर्माण के कार्य को भी जल्द से जल्द योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया जिससे पशुओं और पशुपालकों को समस्याओं से निजात मिल सके। कुमावत ने पशु मेलों में प्रचार प्रसार की स्थिति पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि इसे दुरुस्त करने का प्रयास होना चाहिए ताकि लोगों को मेलों और उनमें होने वाली गतिविधियों की जानकारी हो सके।

पशुपालन मंत्री ने गोशालाओं के जमीन की आवंटन नीति की समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसका सरलीकरण होना चाहिए। जिला गोपालन समिति की बैठक समय पर आयोजित करने के निर्देश देते हुए

आगामी बजट घोषणा पर चर्चा करते हुए कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसी योजना बनाएं जो अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों के हित में हों और जिनका क्रियान्वयन धरातल पर सुगमता से हो सके। बैठक में शासन सचिव, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी डॉ. समित शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन, डेयरी और पशु चिकित्सा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और आने वाले समय में हम इन संभावनाओं को धरातल पर लाने का पूरा प्रयास कर रहे है। उन्होंने राइजिंग राजस्थान को इसके लिए एक अच्छा अवसर बताया। बैठक में पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़, अतिरिक्त निदेशक डॉ. आनंद सेजरा तथा डॉ. सुरेश मीना, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सहाय नागा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 709 हैक्टेयर से अधिक के 303 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी

## प्रीमियम के रुप में राज्य सरकार को मिलेगा 374 करोड़ रु. राजस्व : टी. रविकान्त

**जयपुर ( कासं )**। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में 1 अप्रैल से 13 नवंबर 2024 तक 303 माइनर मिनरल ब्लॉकों की सफल ई-नीलामी की जा चुकी है। इससे राज्य सरकार को प्रीमियम के रुप में तीन किश्तों में 374 करोड़ 98 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। प्रीमियम की 40 प्रतिशत की पहली किश्त के रुप में राज्य सरकार को 149 करोड़ 99 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री व खान मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 34 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर राजस्थान समूचे देश

- **''मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान देश में पहले पायदान पर है, माइनर मिनरल ब्लॉक की नीलामी में भी नया रिकॉर्ड बनेगा।''**

में पहले स्थान पर आ चुका है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्ग दर्शन में विभाग द्वारा मेजर और माइनर मिनरल के अधिक से अधिक ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन करने पर बल दिया जा रहा है ताकि अवैध खनन पर रोक और वैध खनन को बढ़ावा देकर राजस्व व रोजगार में बढ़ोतरी हो सके।

रविकान्त ने बताया कि माइनर मिनरल्स में मार्बल, ग्रेनाइट, सेण्ड स्टोन, सोप स्टोन, केल्साइट, क्ले, रेड ऑकर, क्वार्टस-फेल्सपार आदि आदि मिनरल आते हैं। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष



**खनन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने अधिकारियों की बैठक लेकर ई-नीलामी और राजस्व अर्जन के मुद्दे पर चर्चा की।**

में 709 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के 303 ब्लॉकों का सफल ऑक्शन भारत सरकार के ई-पोर्टल के माध्यम से किया जा चुका है। 190 हैक्टेयर क्षेत्रफल के 120 माइनर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रक्रिया जारी है। वहीं 250 से अधिक माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन की तैयारी अंतिम चरण में हैं।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि इस साल माइनर मिनरल ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन का रोडमैप तैयार कर कार्रवाई आरंभ की गई जिसका परिणाम है कि मेजर मिनरल ब्लाकों के ऑक्शन की तरह ही माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी का भी नया रेकार्ड बनाया जाएगा। भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि प्रीमियम राशि के साथ ही राज्य सरकार को रॉयल्टी, डीएमएफटी और आरएसएमईटी के रुप में राजस्व प्राप्त होगा। इससे प्रदेश में स्थानीय स्तर पर रोजगार और राजस्व के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑक्शन के लिए माइनर मिनरल के नए ब्लॉक और तैयार किये जा रहे हैं।

एसएमई ऑक्शन माइनर मिनरल कमलेश्वर बारेगामा ने बताया कि इनके अलावा 23.76 हैक्टेयर के माइनर मिनरल के 27 क्वारी लाइसेंस के लिए ऑक्शन किये गये हैं जिससे 4 करोड़ 33 लाख रुपए का प्रीमियम तीन किश्तों में राज्य सरकार को प्राप्त होगा।

# घर में घुसकर कार चुराने वाला नाइजीरियन गिरफ्तार

**जयपुर**। घर में घुसकर हुंडई वेन्यू कार चुराने वाले एक विदेशी चोर को जवाहर सर्किल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाइजीरियन चोर घर में घुसकर तीन कारों की चाबी और एक कार चुरा ले गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाइजीरियन को पकडा है। सुडान का रहने वाला आरोपी वीजा पर भारत आया था। पुलिस ने आरोपी से चोरी का माल बरामद कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर चोरी के मामले में आरोपी इब्राहिम नस्त्र एल्डन यागोब इमान (24) निवासी एबीए द्वीप ओमडुरमन खार्तूम सेक्टर 21 सूडान को गिरफ्तार किया है। जो स्टूडेंट वीजा पर भारत आया था। पिछले काफी समय से रामनगरिया इलाके की जेडीए कॉलोनी में किराए से रह रहा था और ड्रग पेडलर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने बताया कि 17 नवम्बर को दुर्गापुरा निवासी जोया अग्रवाल ने घर में चोरी का मामला दर्ज करवाया था कि उसके घर में घुसकर बदमाश तीन कारों की चाबी और एक कार चोरी कर ले गया। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर 16 नवम्बर की सुबह एक चोर कैप व मास्क लगाकर अंदर घुसता दिखाई दिया। करीब आधे घंटे घर के अंदर घूमने के दौरान चॉकलेट आदि चीजें खाई। उसके बाद कार की तीन चाबियां और एक कार चोरी कर ले गया। कार से इधर-उधर घुमने के बाद वापस घर के बाहर लाकर चोर ने खड़ी कर दी।

# 2 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

## आमेर के ठाठर गांव में बसाई जा रही इस कॉलोनी पर जे.डी.ए. टीम ने कार्रवाई की



**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने आमेर इलाके में 2 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-2 में आमेर स्थित ग्राम ठाठर में बटुक भैरव मंदिर के पीछे करीब 2 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। जमीन मालिक ने कृषि भूमि का रूपांतरण भी नहीं कराया और रातोंरात जमीन समतल कर मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर लिए थे।

# कानोता में दो छात्र गुटों में चाकूबाजी

**जयपुर**। कानोता इलाके में मंगलवार दोपहर आईसीएफएआई यूनिवरसिटी में स्पोर्ट्स प्रोग्राम में झगडा हो गया। कहासुनी के बाद स्टूडेंट्स के दो गुट आपस में भीड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाकर घायल स्टूडेंट को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि आगरा रोड प्रेम नगर में आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी में मंगलवार को स्पोर्ट्स का प्रोग्राम था। दोपहर करीब 4 बजे मामूली बात को लेकर स्टूडेंट्स में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते

- **दो युवक घायल, एक का अस्पताल में उपचार जारी**

स्टूडेंट्स के दो गुट आमने-सामने हो गए। कहासुनी के दौरान दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। झगड़े की सूचना पर कॉलेज प्रशासन ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाने की कोशिश की। झगड़ा बढ़ने पर सूचना पर कानोता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों गुटों को अलग-अलग कर मामले को शांत करवाया। मारपीट में घायल स्टूडेंट सुशील को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। झगड़े के दौरान फायरिंग होना भी बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि फायरिंग की सूचना अफवाह मात्र है। यूनिवर्सिटी में प्रोग्राम के दौरान स्टूडेंट्स में कहासुनी हुई थी। झगड़ा बढ़ने पर दोनों गुटों में मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चाकू से हमले में सुशील नाम के स्टूडेंट के चोटें आने पर हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। झगड़े होने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# जनसुनवाई और समाधान कार्यक्रम 21 नवंबर को

**जयपुर**। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 नवंबर को जयपुर व जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई में जिले के जनप्रतिनिधि और कई विभागों के अफसर मौजूद होंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में ''राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट'' से उद्यमियों को जोड़ने के लिए लगातार दौरे कर रहे मंत्री

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कलकत्ता पहुंचकर मारवाड़ियों से बातचीत की और उन्हें समिट से जुड़ने का आव्हान किया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर/कोलकाता**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार के मंत्री ''राइजिंग राजस्थान'' समिट से देश-विदेश के उद्यमियों को जोड़ने के लिए लगातार दौरे कर रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंचकर प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया और उन्हें राइजिंग राजस्थान समिट से जुड़ने का आव्हान किया।

मदन दिलावर ने कहा है कि राजस्थान में कोई भी बच्ची फर्श पर बैठकर न पढ़े, यह हमारा विजन है और इसको साकार करने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। बालिका शिक्षा पर हमारा विशेष जोर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे जुड़कर राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था का कायाकल्प करने में सहभागी बन सकते है। पूरे देश-विदेश में मारवाड़ी अपना परचम लहरा रहे हैं। और आपका अपनी



**शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कलकत्ता में प्रवासी राजस्थानियों और मारवाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें राइजिंग राजस्थान समिट से जुड़कर सहयोग मांगा।**

मातृभूमि से जुड़ाव भी है। इसलिए हम पहले वहां जा रहे है जहां मारवाड़ी अधिक है। शुरुआत मुंबई से की जहां हमारी अपील पर राजस्थानी प्रवासियों ने शिक्षा विभाग के साथ 116 करोड़ रुपए के सहमति पत्र पर गत 6 नवंबर को जयपुर में हस्ताक्षर किए है। अब आपसे भी सहयोग मांगने कोलकाता आए है।

शिक्षा मंत्री ने कहा की राजस्थान में 19 हजार प्राथमिक विद्यालय, 16 हजार माध्यमिक विद्यालय तथा 26 हजार उच्च

- **दिलावर ने कहा कि राजस्थान सरकार का विजन है कि ''राजस्थान में कोई भी बच्ची फर्श पर बैठकर न पढ़े। इस विजन को साकार करने के लिए सरकार लगातार बालिका शिक्षा पर जो दे रही है।''**
- **राजस्थानी प्रवासियों ने शिक्षा विभाग के साथ 116 करोड़ रु. के सहमति पत्र पर 6 नवंबर को जयपुर में हस्ताक्षर किए थे : दिलावर**

माध्यमिक विद्यालय है। इन विद्यालयों में पढने वाले बच्चों को अच्छी से अच्छी सुविधा मिले और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए हमने कुछ प्राथमिकताएं तय की है।कौन-कौन से क्षेत्र हैं जहां दानदाता पैसा लगा सकते हैं उनका निर्धारण किया है। स्कूलों में लैब, स्मार्ट क्लास रुम के लिए हम आपके प्रस्ताव आमंत्रित करते है। विद्यालयों में सोलर पैनल,स्पोर्ट,कक्षा कक्ष,विद्यालय भवन निर्माण में निवेश कर आप सरकार के सहभागी बन सकते है।

सरकार आपका हर स्तर पर सहयोग और समर्थन करने को तैयार है। गत वर्ष में प्रदेश में 138 भामाशाह ने शिक्षा विभाग में 1हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया।

आप 2 करोड़ से अधिक रुपए स्कूल में निवेश करते है तो स्कूल का नाम आपके नाम पर किया जाने की सरकार की योजना है। दिलावर ने कहा कि आप अपनी सुविधा अनुसार स्कूल गोद लेकर भी अपना योगदान दे सकते है।

कार्यक्रम प्रारंभ में प्रवासी राजस्थानियों ने शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रवासी राजस्थान की परिषद द्वारा तैयार की गई स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## सार-समाचार

### इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई



**जयपुर**। राजीव गांधी स्टडी सर्कल, मानसरोवर में पूर्व महाधिवक्ता जी.एस.बापना की अध्यक्षता में इन्दिरा गांधी जयन्ती पर ''राष्ट्रीय जीवन में इन्दिरा गांधी का योगदान'' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि इन्दिरा गांधी विश्व में अधिकतम पहचान वाली जन-नेता थीं। लौह नेत्री के रूप में विख्यात इन्दिरा गांधी ने पाकिस्तान के विभाजन सहित द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1971 की दोहरे मोर्चे पर सबसे बड़ी सामरिक जीत भारत के खाते में दर्ज कराई, बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर भारत के गांवों का परिचय बैंकिंग से कराकर ग्रामीण एवं कृषि विकास को अपूर्व गति दी, पूर्व नरेशों के प्रिवीपर्स एवं विशेष अधिकार उन्मूलन एवं दूसरे चक्र के भूमि सुधारों के द्वारा सामंतवाद की बची जड़ों पर प्रहार किया। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति बनाने का काम अंजाम दिया। राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संवैधानिक मूल्यों के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान देने में भी वे पीछे नहीं रहीं। कार्यक्र में गिरधारी बापना, आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन प्रो.बी.एम.शर्मा, राजीव गांधी स्टडी सर्कल के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो.सतीश कुमार राय, वरिष्ठ साहित्यकार फारूक अफरीदी, शिक्षाविद प्रो.विनोद शर्मा, प्रो. निमाली सिंह, प्रो. चतुर्भुज यादव, प्रो.राजेश वर्मा, समाजसेवी सवाई सिंह, धर्मवीर कटेवा, डा. ध्यान सिंह गोठवाल, प्रो.सी.एल. मीणा और आनलाइन उदयपुर से प्रो.डी.एस.चूडावत, जोधपुर से प्रो.कमलेश माथुर एवं पटना से प्रो.रामायण प्रसाद यादव और डॉ. प्रमोद पाण्डेय ने विचार व्यक्त किए।

### पिस्टल-कारतूस के साथ बदमाश पकड़ा

**जयपुर**। मानसरोवर थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित पकड़ा है और उसके पास से एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ चौदह आपराधिक मामले दर्ज है और पिछले एक साल से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सौरभ सैनी उर्फ बॉबी निवासी मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार एक पिस्टल सहित एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित के खिलाफ कई थानों में चौदह आपराधिक मामले दर्ज है और पिछले एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

### पडौसी ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर**। करधनी थाना इलाके में पडौसी युवक द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करधनी निवासी 17 वर्षीय लड़की ने मामला दर्ज करवाया कि पडौस में रहने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत होती रहती थी। आरोपी ने उससे मिलने का दबाव बनाया। आरोप है कि 14 नवम्बर की रात को धोखे से मिलने के बहाने घर से बाहर बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी पडौसी ने जबरन उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया-धमकाया। घर पहुंची नाबालिग ने परिजनों को आपबीती सुनाई। करधनी थाने में परिजनों के साथ पहुंची नाबालिग पीड़िता ने आरोपी पडौसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो ले गए चोर

**जयपुर**। श्याम नगर थाना इलाके में देर रात बदमाश स्कॉर्पियो कार चोरी कर फरार हो गए। चोरी पता लगने पर कार मालिक अशोक शेखावत ने पुलिस को जानकारी दी। इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक जगह पर पुलिस को वारदात करने वाले आरोपी का वीडियो मिला, लेकिन चेहरा छुपा हुआ था। पीड़ित अशोक शेखावत ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ निर्माण नगर स्थित घर में थे। उनकी स्कॉर्पियो कार घर के सामने खड़ी थी। रात करीब 3.10 बजे चोर घर के बाहर खडी कार चोरी कर फरार हो गया। सुबह सवा 7 बजे जब परिवार उठा तो देखा की कार घर के बाहर खडी नहीं है। इस पर घर के सीसीटीवी फुटेज देखे गए जिस से पता चला की रात करीब 2.32 बजे क्रेटा कार से चार से पांच बदमाश आए थे। कार से एक बदमाश बाहर निकला। उस के मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था। आरोपी ने कार का सेंट्रल लॉक तोड़ा और कार को करीब 3.18 बजे फरार हो गया। अभी तक पुलिस को इस वारदात में कोई जानकारी नहीं मिली है।

### महिला की संदिग्ध मौत, जांच शुरू

**जयपुर**। गांधी नगर इलाके में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला ने रात को प्रेमी के साथ शराब पार्टी की थी। सुबह महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली। महिला के मुंह से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतका कविता बैरवा (30) झालाना डूंगरी गांधी नगर की रहने वाली थी। वह पिछले तीन-चार साल से किराना की दुकान करने वाले मनीष खटीक के साथ लिव-इन में रह रही थी। रविवार देर रात तक कविता और मनीष ने शराब पार्टी की थी। देर रात करीब 2 बजे शराब पार्टी कर सोए थे। सोमवार सुबह उठने पर कविता के मुंह से झाग निकलते दिखे। सुबह जब वह नहीं उठी तो उसे जगाने का प्रयास किया तो उसके मृत होने का पता चला। सूचना पर गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में जहर के सेवन से कविता की मौत होना मान रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

### घर में घुसकर युवक से लूटपाट

**जयपुर**। किराए पर कमरा देखने के बहाने तीन बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवक को जमकर पीटा और फिर डरा धमका कर मोबाइल से ऑनलाइन दो लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। घटना के सम्बंध में पीड़ित ने चौमू थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार रेनवाल रोड धोली मंडी निवासी महेंद्र कुमार कुमावत ने मामला दर्ज करवाया कि कमरा देखने के बहाने सुबह तीन बदमाश घर में घुसे और उसे अकेला पाकर मारपीट की और फिर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसके मोबाइल से दो लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद बदमाश उसे एक कमरे में बंद कर फरार हो गए। जब अन्य परिजन घर पहुंचे तो पीड़ित ने आवाज लगाई। इस पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला। इस पर पीड़ित ने परिजनों को आपबीती बताई। घटना 12 नवम्बर की सुबह करीब 11 बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई लेखराम कर रहे है।

### शासन सचिव ने किया औचक निरीक्षण

**जयपुर**। स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने मंगलवार प्रातः 9.40 पर शिक्षा संकुल स्थित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद कार्यालय के सिविल व लेखा शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए दस अधिकारी-कार्मिक व साक्षरता एवं सतत शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण करने पर अनुपस्थित पाए गए 6 अधिकारी-कार्मिकों को सीसीए नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

### स्वच्छता योद्धाओं का मुंह मीठा कराया

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को अपने निवास स्थान पर स्वच्छता योद्धाओं को आमंत्रित किया और केसर कलाकंद से उनका मुंह मीठा कराया। महापौर ने इस अवसर पर बताया कि जयपुर स्थापना दिवस के अवसर नगर निगम ग्रेटर की रीढ की हड्डी स्वच्छता योद्धाओं का केसर कलाकंद से मुंह मीठा कराया।